स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़–123031 (हरियाणा), भारत
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

Central University of Haryana
Mahendergarh-123031(Haryana), India
NAAC ACCREDITED 'A' GRADE UNIVERSITY

Achieving Through Believing

क्रमांक / No. C.U.H./DSW/432 दिनांक / Date: 13-08-2022

स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु आमंत्रण

प्रिय विद्यार्थियों,

हर्ष का विषय है कि हमारा देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मना रहा है। हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि *आजादी का अमृत महोत्सव अभियान* के अंतर्गत पिछले एक वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम जैसे तिरंगा जागरूकता रैली, हर घर तिरंगा अभियान, पौधारोपण, व्याख्यान, संगोष्ठी, कार्यशाला आदि का सफल आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय इस दिवस को बड़े पैमाने पर मना रहा है। आपको व आपके परिवारजनों को इस ऐतिहासिक अवसर पर हो रहे आयोजन में सादर आमंत्रित करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है।

आपसे अनुरोध है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने हेतु प्रशासनिक भवन के साथ स्थित उद्यान में दिनांक 15 अगस्त को **प्रातः 8.45 बजे** तक अपना स्थान ग्रहण कर लें। स्वतत्रंता दिवस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी और आयोजन के समापन के उपरांत जलपान की भी व्यवस्था रहेगी। आप परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

जय हिंद!!

आनन्द शर्मा

प्रो. आनन्द शर्मा
छात्र कल्याण अधिष्ठाता